ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252551 मो.9960562305 ईमेल-bsmirgae@gmail.com

---

## हिंदी विवि में शोध प्रविधि एवं कम्प्यूटर अनुप्रयोग पर कार्यशाला के दूसरे दिन

### कम्प्यूटर अनुप्रयोग पर प्रो. ज्ञानप्रकाश ने किया मार्गदर्शन

वर्धा दि. 15 अक्तूबर 2011:




महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र की ओर से आयोजित सात दिवसीय शोध प्रविधि एवं कम्प्यूटर अनुप्रयोग पर कार्यशाला के दूसरे दिन शनिवार को बनारस हिंदु विश्वविद्यालय के प्रो. ज्ञानप्रकाश ने शोध में कम्प्यूटर अनुप्रयोग का आज के समय में महत्व बताते हुए शोध में सांख्यिकीय आकडों के व्यवहारिक प्रदर्शन पर मार्गदर्शन किया। उन्होंने एक अखबार के लिए तैयार की गयी प्रश्नावली तथा उसकी शोधविधि और सारणी का उदाहरण देते हुए कम्प्यूटर

द्वारा शोध कार्य में उसका किस प्रकार सहजता से उपयोग किया जा सकता है इसकी जानकारी प्रदान की। आगे उन्होंने सांख्यिकीय विश्लेषण के दो महत्वपूर्ण सॉप्टवेअर एक्सेल और एसपीएसएस की कार्यविधि पर पावर पॉइंट के माध्यम से विस्तृत एवं प्रायोगिक अनुभव से छात्रों को परिचित कराया। एक्सेल और एसपीएसएस के माध्यम से शोध कार्य में आंकडों का सटिक प्रमाण कैसे प्राप्त होता है फिर चाहे वह  शिक्षा के हो, विवाह में महिला पुरूषों का प्रमाण हो, उम्र के अथवा अन्य आंकडों की जानकारी का प्रदर्शन की जानकारी उन्होंने अपने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन में दी। कार्यशाला की विशेषत: सैध्दांतिक विधियों का प्रायोगिक अनुप्रयोग रहा। सत्र के दौरान छात्रों ने भी शोध में आंकडों का सटिक प्रमाण जानने के उद्रदेश से कम्प्यूटर की मदद से प्रत्यक्ष तौर पर एक्सेल और एसपीएसएस सॉफ्टवेअर का अनुप्रयोग सीखा।

बी एस मिरगे
जनसंपर्क अधिकारी